दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर

रायगढ़, सोमवार 22 अक्टूबर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### सत्ता सुख के लिए मां-बेटे दो-दो हाथ को तैयार

#### हठधर्मिता में राजनीतिक केरियर होगा चौपट

जगदलपुर (आरएनएस)। कई पुराणों-वेदों में भाई-भाई को जमीन जायदाद के लिए लड़ते हुए देखा गया है किंतु बस्तर के कर्मा परिवार में सत्ता सुख के लिए मां बेटे में दिलचस्प लड़ाई इस विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगी। इस मामले में मां बेटे दोनों की गलती है जो एक दूसरे की भावना के विपरीत भावना में बहकर राजनीति कर रहे हैं। दूसरी तरफ बागी होकर लड़ रहे छवींद्र कर्मा क्या महेंद्र कर्मा की तरह निर्दलीय अपना करिश्मा दिखाते हैं या हठधर्मिता से अपनी राजनीतिक कैरियर को चौपट करने पर उतारू है यह बात श्रीमती कर्मा पर भी लागू होती है क्योंकि उनको सत्ता सुख नहीं छोड़ना था।

### 22 किलो गांजा समेत दो अंतररा'यीय तस्कर गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा जिले के तोंगपाल थाने से चुनावी निगरानी ड्यूटी पर लगे जवानों ने वाहनों की चेकिंग के दौरान 22 किलो मादक पदार्थ गांजा पकड़ने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के मुताबिक गांजा तस्कर मारुति सुजकी वेगनआर डीआर 1 आरटीबी 8609 नम्बर की गाड़ी से 22.160 किलो गांजा गाड़ी के पीछे गैस सिलेंडर के कंटेनर में बड़े ही शातिराना अंदाज से छिपा कर ले जा रहे थे। तोंगपाल पुलिस ने जब वाहन तलाशी ली तो कंटेनर का वजन बहुत अधिक था, शक के आधार पर जब कंटेनर को घुमाया गया तो उस पर ग्रुप काटकर चाबी से खोलने का सिस्टम बना हुआ था, जिसके अंदर यह गांजा भरा हुआ था। वाहन में गांजा परिवहन करने वाले नजाकत खान, रहिस अहमद निवासी दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जशपुर पुलिस ने, देश के वीर शहीदों को किया याद

जशपुर (आरएनएस)। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों की स्मृति में पुलिस शहीद दिवस परेड का आयोजन पुलिस लाइन जशपुर में रविवार 21 अक्टूबर समय प्रातः 9:00 बजे को प्रारंभ किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत सिंह ठाकुर ने गत वर्ष में देश में कर्तव्य के दौरान शहीद हुए 414 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के नाम का वाचन किया । वाचन पश्चात शहीद परेड प्रारंभ हुआ।

### हाथी ने किसान को कुचला, मौत

महासमुन्द (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से 65 किमी दूर खैरखूँटा (पिथौरा) गांव में रविवार-सोमवार 22 अक्टूबर की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे हाथी के हमले से ग्राम खैरखूँटा के 62 वर्षीय किसान नकुल प्रधान पिता कृष्ण चंद प्रधान की हाथी के हमले से मौत हो गई। किसान अपने खलिहान में धान की रखवाली करने सोया हुआ था। हाथियों के दल ने धान खाने खलिहान कूच किया तो वह नींद से जाग पाता, उससे पहले ही हाथी ने कुचल दिया। सुबह जब परिजन लहूलुहान पड़े नकुल की लाश देखे तो रोवा राही मच गई। ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष है कि वन विभाग हाथी के विचरण को लेकर ग्रामीणों को सतर्क नहीं कर रहे हैं। एक के बाद एक दो साल के भीतर दर्जन भर लोगों को हाथी मौत के घाट उतार चुका है।

### तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा महंगा

कवर्धा (आरएनएस)। आदर्श आचार संहिता व कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने वाले तीन डीजे संचालकों को तेज आवाज में डीजे बजाना महंगा पड़ गया। कवर्धा कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को न्यायालय में पेश किया है।

कवर्धा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग ने बताया कि कवर्धा में दुर्गा विसर्जन के दौरान अलग-अलग जगह पर तेज आवाज में डीजे बजाते हुए शोरगुल किया जा रहा था। पुलिस ने कई बार समझाइश दी लेकिन नहीं माने। डीजे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास व आने-जाने वाले लोगों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही थी। डीजे के कम्पन से लोगों के दिल और दिमाग पर असर हो रहा था। पुलिस ने आरोपी राजाराम पिता नारायण साहू (21) लालपुर, मनोज पिता शेखू सिंह (36) ठाकुर पारा कवर्धा एवं सुरीत पटेल पिता इंदल पटेल (28) बेंदरची के विरुद्ध धारा 5(1-2)15 छ.ग. कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र डीजे को जब्त किया और आरोपियों को न्यायालय पेश किया।

### लापता किशोरी की लाश मिली

कोरबा (आरएनएस)। करीब डेड़ माह से लापता पाली के ग्राम डोंगानाला में रहने वाली एक किशोरी की लाश सड़ी गली अवस्था में तालाब में मिली है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। पाली पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की थी।

तालाब के किनारे चिड़ियों का निशाना लगा रहे एक बच्चे की चिड़िया तालाब में जा गिरी। घायल चिड़िया को लेने जब वह तालाब के दूसरे छोर पहुंचा तो वहां का दृश्य देख उसके होश उड़ गए। झाड़ियों के बीच एक क्षत विक्षत लाश पड़ी हुई थी। लाश पूरी तरह सड़ चुकी थी और तेज दुर्गंध आ रही थी। उसने इसकी सूचना अपने दूसरे साथियों को दी। देखते ही देखते यह बात आग की तरह गांव में फैल गई। मौके पर जुटी भीड़ ने जब मुआयना किया तो पता चला कि पांच सितंबर को ग्राम डोंगानाला से गायब हुई रामरतन की 17 वर्षीय पुत्री रंजिता गोंड की लाश थी। कपड़े से उसकी पहचान हो पाई। पाली पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था।

# पिकनिक मनाने गए 12 युवक नदी के तेज बहाव में बहे, तलाश जारी



गरियाबंद (आरएनएस)। जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र इलाके पेलीखंड से लगे देवधारा जलप्रपात में पिकनिक मनाने गए 12 युवक पानी के तेज बहाव में बह गए जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर मैनपुर निवासी छुट्टी के मौके पर देवधारा जलप्रपात के पास पिकनिक मनाने गए थे। इस दौरान वे नदी में नहाने उतरे देखते ही देखते सभी 12 युवक गहरे पानी में उतरकर नहाने लगे। इसी बीच वे तेज बहाव में बह गए। नदी के किनारे मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय मैनपुर पुलिस थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम के साथ स्थानीय लोगों ने सभी युवकों की पतासाजी शुरू कर दी है। दूसरे दिन हो जाने के बाद भी किसी भी युवकों का पता नहीं चल पाया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही युवकों के परिजन काफी भयभीत है।

बहरहाल पुलिस तथा गोताखोर की टीम उनकी तलाश कर रही है।

## क्राइम स्क्वॉड ने तीन मजदूर दलाल गिरफ्तार, एक की तलाश

महासमुंद (आरएनएस)। मजूदर दलालों द्वारा मजदूरों को रुपए का लालच देकर अन्य प्रदेश ले जाने वाले तीन व्यक्ति को शनिवार की रात क्राइम स्क्वॉड ने झिलमिला चौक सरायपाली के पास पकड़ा। वहीं रविवार सुबह पिथौरा पटपरपाली के पास भी मजूदरों से भरी बोलेरो व सूमो को रोककर मजूदरों को वापस घर भेजा गया। मजदूरों के बयान पर पुलिस मजदूर दलाल की तलाश में जुट गई है।

क्राइम स्क्वॉड प्रभारी परेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली झिलमिला चौक के पास दो परिवार बच्चों के साथ पलायन कर रहा है। झिलमिल चौक के पास बस का इंतजार कर रहे है। इन लोगों को तीन व्यक्ति ले जा रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम स्क्वॉड छापामार कार्रवाई कर ग्राम सोनामुंदी के कपूर साय पिता परस राम रात्रे (28), रामनाथ रात्रे पिता कलकसिया रात्रे (32) एवं जयपाल पिता पुनीतराम निषाद (24) को गिरफ्तार किया। टीम ने जब पूछताछ किया तो पता चला कि ये तीनों दलाल काम दिलाने झारखंड ले जा रहे थे। इधर, टीम ने रविवार सुबह पिथौरा भिथिडीह के पास भी सूचना पर बोलेरो क्रमांक सीजी 06 जीके 4617 एवं टाटा सूमो सीजी 04 एचए 7830 को रोककर तलाशी ली। इन दोनों वाहनों में 24 मजदूर सवार थे। ये मजदूर पिथौरा क्षेत्र के आसपास के गांव में निवास करते हैं।

### शहर में बढ़ रही लूटपाट की घटनाएं, पुलिस का नहीं है नियंत्रण

रायपुर (आरएनएस)। शहर में विस्तार के साथ ही पाश कालोनियों एवं आउटर सहित शहर के भीड़भाड़ भरे इलाकों में खुलेआम लूटपाट की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। हाल ही में चौबे कालोनी, तेलीबांधा, आउटर टाटीबंध में दिनदहाड़े नकाबपोशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नकाबपोश अपराधी लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

## ग्लूकोमा पीड़ितों के लिए ध्यान व प्राणायाम मददगार

ग्लूकोमा से पीड़ित मरीजों को ध्यान लगाने से आंख के दबाव को कम करने में मदद मिल सकती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के डॉक्टरों की हालिया स्टडी में यह बात सामने आई है। यह स्टडी एम्स में नेत्र विज्ञान केंद्र ने शारीरिक विज्ञान विभाग में फिजियॉलजी और जेनेटिक्स लैब विभाग के सहयोग से किया है। दरअसल, ग्लूकोमा या काला मोतिया भारत में अपरिवर्तनीय दृष्टिहीनता का प्रमुख कारण है, जिससे एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। यह अध्ययन जर्नल ऑफ ग्लूकोमा में प्रकाशित हुआ है। इसके तहत 90 ग्लूकोमा मरीजों का चयन किया गया और उन्हें दो समूहों में बांटा गया। स्टडी के अनुसार, एक समूह ने ग्लूकोमा दवाओं के साथ एक योग ट्रेनर की निगरानी में 21 से ज्यादा दिनों तक हर सुबह 60 मिनट तक के लिए ध्यान लगाया और प्राणायाम किया, जबकि दूसरे समूह ने किसी ध्यान के बिना केवल दवाएं ली।



## हॉट किम शर्मा आने वाली है बिग बॉस के घर में, बड़े धमाके की तैयारी

टीवी के पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 12 में हर दिन नए ट्विस्ट्स आ रहे हैं। हाल ही में नेहा पेंडसे को घर से बेघर कर दिया है। वही दूसरी ओर श्रीसंत और अनूप जलोटा की सीक्रेट रूम से घर में वापसी हुई है।

हाल ही में शो के मेकर्स ने एक खुलासा किया है। दरअसल मेकर्स ने अगली वाइल्ड कार्ड के बारे में बताया है। खबर आई थी कि वाइल्ड कार्ड के तौर पर नेहा पेंडसे एक बार फिर घर आ सकती है। लेकिन अब खबर है कि शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री से फिल्म अभिनेत्री किम शर्मा की घर में एंट्री होने वाली है।

रिपोर्ट के अनुसार इस बार बिग बॉस के घर में कोई बड़ा चेहरा फिल्म जगत से नहीं आया है। इसलिए वो घर में एक बॉलीवुड फेस लाना चाहते हैं। मेकर्स ने किम से बात की हैं और उन्हें बिग बॉस में लाने के लिए काफी उत्सुक हैं। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अगले हफ्ते तक किम बिग बॉस के घर में प्रवेश कर लेंगी।

## मैं अंतमुर्खी हूं : दिशा

फिल्म एम. एस. धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी और बागी 2 जैसी फिल्मों में नजर आई अभिनेत्री दिशा पटानी ने कहा कि असल जिंदगी में वह शर्मिली और लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं करने वाली इनसान हैं।



दिशा ने कहा, मैं खासी अंतमुर्खी किस्म की हूं। चाहें रैंप पर वॉक हो या भीड़ के सामने खड़े होना, मैं बहुत ज्यादा लोगों के सामने नर्वस हो जाती हूं। खासकर फैशन शो के दौरान मैं नर्वस महसूस करती हूं लेकिन मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचती। मैं अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करती हूं और हर चीज में अपना 100 प्रतिशत देती हूं।

26 वर्षीया अभिनेत्री ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2018 में भाग लिया, जहां वह काल्की के शादी संग्रह एथेना की शोस्टॉपर बनीं। दिशा ने गाढ़े रंग का गुलाबी लहंगा पहना। वह इन दिनों अपनी अगली फिल्म भारत की तैयारी कर रही हैं, जिसमें वह अभिनेता सलमान खान के साथ नजर आएंगी।

उन्होंने कहा, सलमान सर बेहतरीन सह-कलाकार हैं। उन्होंने मुझे शूटिंग में बहुत मदद की। वह मेहनती हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। वह पूरे समर्पण के साथ शूटिंग करते हैं और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। मैं आज तक जितने भी लोगों से मिली हूं, वह उनमें से सर्वाधिक मददगार लोगों में से एक हैं। दिशा का कहना है कि वह अपने दोस्तों, प्रशंसकों की आभारी हैं जिन्होंने फिल्म उद्योग में उनका खुले दिल से स्वागत किया।

## यात्री बस पेड़ से टकराई, 12 यात्री घायल

बलरामपुर (आरएनएस)। जिले के गांव बाढ़ी के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक बस हादसे का शिकार हो गयी है। बताया जा रहा है की बस में 32 से ज्यादा लोग सवार थे, जिसमे से 15 लोगो को गंभीर चोटे आई है। बाकियों को हल्की-फुल्की चोट आई है।

सीतापुर इलाके के ग्रामीण किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने बलरामपुर के चांदो गए हुए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। तभी अंबिकापुर-बलरामपुर मुख्य मार्ग में एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर बस पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस में सवार सभी को चोटें आई हैं।

# यूपीः दो पुलिस वाले आपस में भिड़े, दोनों तरफ से चल गईं गोलियां



अंबेडकर नगर। यूपी के अंबेडकर नगर में दो पुलिस वाले आपस में भिड़ गए। बेवाना थाना परिसर में देखते ही देखते मामला इस कदर बिगड़ गया कि एक पुलिसवाले ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। थाने में मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि यह विवाद आपसी लेन-देने को लेकर हुआ है। वहीं प्रशासन का कहना है कि परिवार के उपर की गई टिप्पणी के कारण यह विवाद हुआ है। फिलहाल जिला एसपी ने दोनों दरोगा को लाइन हाजिर कर निलंबित कर दिया है। एसपी के आदेश पर बेवाना थाना प्रभारी ने देर शाम बेवाना थाने में इस मामले को लेकर केस दर्ज किया है। जयकरण सिंह व शिवपूजन यादव नाम के दो दरोगाओं के बीच यह विवाद गुरुवार को हुआ था। लेन-देन का मामला बताते हुए लोगों का कहना है कि किसी तरह उस दिन तो यह विवाद थम गया लेकिन शुक्रवार के दिन दोनों आपस में भिड़ गए। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया था कि दरोगा शिवपूजन यादव ने जयकरण सिंह पर बंदूक से गोली दाग दी। हालांकि दरोगा जयकरण सिंह को कुछ नहीं हुआ वो इस घटना में बाल-बाल बच गएं। इस मामले की सूचना जैसे ही जिला एसपी विपिन कुमार मिश्रा को मिली। उन्होंने दोनों दरोगाओं को लाइन हाजिर करते हुए निलंबित कर दिया। एसपी के आदेशानुसार इस मामले की जांच की जा रही है।

#### परिवारिक टिप्पणी बनी विवाद की मुख्य वजह

एसपी विपिन कुमार मिश्रा के अनुसार दरोगा शिवपूजन यादव ने दूसरे दरोगा के परिवार को लेकर टिप्पणी की। इसी बीच शुक्रवार को जब दोनों दरोगाओं का सामना हुआ तो दोनों आपस में इस बात को लेकर भिड़ गए और दूसरे दरोगा द्वारा गोली चला दी गई। आपको बता दें कि शिवपूजन यादव का नाम बीते दिनों चर्चा में रहा है। कुछ दिन पहले एक युवक को बुरी तरह से पीटने को लेकर उनका नाम चर्चा में रहा था।

### आम रास्ते में शराब पीते 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के सार्वजनिक आम रास्ते में शराब पीते हुए 5 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। सभी शराबियों को भादवि की धारा 36-च आबकारी एक्ट के तहत रविवार की शाम को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया है।


## चुनावी शोरगुल से सर्वथा अछूता है नक्सलगढ़ अबूझमाढ़



नारायणपुर (आरएनएस)। अबूझमाड़ में चुनावी शोरगुल नहीं है वरन् पुरे क्षेत्र में एक रहस्यमयी खामोशी विद्यमान है। जिससे मतदाताओं के रूझान का पता नहीं चल रहा है। एक ओर अबूझमाड़ को अपना गढ़ बनाने वाले नक्सली हैं और दूसरी ओर उनके किले को भेदते हुए सुरक्षा बलों के जवान हैं। इस क्षेत्र में इसीलिए राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता जाने में हिचकते हैं, जिसका परिणाम है कि क्षेत्र में रहस्यमयी शांति बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग का अबूझमाड़ एक ऐसा अंचल है जहां नक्सलियों ने लंबे अरसे से कार्य करते हुए अपने प्रभाव व अपने आतंक को स्थापित किया है। यह अंचल ऐसा है जो दुरूह और दुर्गम होते हुए सुरक्षाबलों के लिए भी इसमें प्रवेश करना चुनोती भरा कार्य है। नक्सली आतंक यहां इतना अधिक है कि गत सप्ताह माड के कोहकामेटा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार का हाल बेहाल रहा और नक्सलियों के फरमान से खरीददार ग्रामीण इस बाजार में गये ही नहीं। इसके कारण इस बाजार में पहुंचने वाले व्यापारियों को निराशा हाथ लगी और व्यापारियों को खाली हाथ आना पड़ा।

## हत्या के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुकली में हुए हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस के अनुसार जमीन विवाद को लेकर यह हत्या की गई थी। पुलिस ने बताया कि छत्रपाल पिता मोटूराम दरवेश (35) सुकली का 19 अक्टूबर की शाम 5 बजे गांव के ही रंजीत दरवेश की लड़की के साथ विवाद हुआ था।

### खेत में मिली ग्रामीण की लाश

महासमुंद (आरएनएस)। पिथौरा के ग्राम गोपालपुर में सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार सुबह सूचना मिली कि गोपालपुर के एक खेत में एक व्यक्ति की लाश सड़ी गली पड़ी है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची।

## अधिक सोने से मस्तिष्क के काम करने के तरीके को नुकसान पहुंचता है, जाने कारण



टोरंटो। एक नए अध्ययन में पता चला है कि अधिक सोने से मस्तिष्क के काम करने के तरीके को नुकसान पहुंच सकता है। अध्ययन के मुताबिक जो कम सोता है या रात में सात से आठ घंटे से ज्यादा की नींद लेता है उसकी समझने-जानने की क्षमता कम हो जाती है। कनाडा के वेस्टर्न विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि पिछले साल जून में शुरू किए गए नींद संबंधी सबसे बड़े शोध में विश्व भर के 40,000 लोग शामिल हुए।ऑनलाइन शुरू की गई इस वैज्ञानिक जांच में एक प्रश्नावली और ज्ञानात्मक प्रदर्शन (काग्नेटिव परफार्मेन्स) वाली गतिविधियों की श्रृंखला शामिल की गई।वेस्टर्न विश्वविद्यालय के एड्रियन ओवन ने कहा कि वे वास्तव में विश्व भर के लोगों की सोने की आदतों के बारे में जानना चाहते थे। निश्चित तौर पर प्रयोगशालाओं में छोटे पैमाने पर नींद पर शोध हुए हैं लेकिन वे यह जानना चाहते थे कि वास्तविक जगत में लोगों की नीद संबंधी आदतें कैसी हैं। लगभग आधे प्रतिभागियों ने प्रति रात 6.3 घंटे से कम नींद लेने की बात कही जो अध्ययन में अनुशंसित नींद की मात्रा से एक घंटे कम थी।